10वीं और 12वीं के हालिया परिणामों में केन्द्रीय विद्यालय वायु सेना स्थल अर्जनगढ़ का शानदार प्रदर्शन

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

गुरुग्राम। प्राचार्य मधु बाला सिंह ने बताया किया केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं के हालिया परिणामों में केन्द्रीय विद्यालय वायु सेना स्थल अर्जनगढ़ ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। विद्यालय के सभी विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण अंकों से उतीर्ण हुए हैं। प्राचार्या मधु बाला सिंह ने आज विद्यालय के उत्तम परिणामों का संक्षिप्त सार जारी किया।

परिणाम कक्षा द्वादश 2019-20

परीक्षा में शामिल विद्यालय के कुल 101 अभ्यर्थियों ने उच्च प्रदर्शन सूचकांक 65.45 के साथ परीक्षा उतीर्ण की। विद्यालय के सभी विद्यार्थी 60% से अधिक अंकों के साथ उतीर्ण हुए एवं इस उपलबधि को पाने वाले दिल्ली संभाग के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में यह प्रथम स्थान पर रहा। दिल्ली संभाग में विज्ञान संकाय के 25 टोपर्स में के.वि. अर्जनगढ़ के 5 विद्यार्थी शामिल थे इसी प्रकार मानविकी संकाय के 25 सर्वोच्चलबधि प्राप्त विद्यार्थियों में विद्यालय के 7 विद्यार्थियों ने विद्यालय का परचम लहराया।

12वीं में संकाय वार सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के विद्यार्थी -

विज्ञान- तहसीन एजाज (97.40 % अंक), वाणिज्य- मानव कुमार (91.60 % अंक), मानविकी- आकर्ष (97 % अंक), परिणाम कक्षा (10वीं) 2019-20। कक्षा दशम की परीक्षा में शामिल कुल 80 विद्यार्थियों में से सभी ने उच्च प्रदर्शन सूचकांक 63.72 के साथ पास होकर बारहवीं के परिणामों में विद्यालय की सफ़लता के क्रम को जारी रखा।

कुल 45 विद्यर्थियों ने 70% से अधिक अंक पायें विद्यालय के दो विद्यार्थी सोली वैष्णवी और श्रृष्टि शर्मा ने सभी विषयों में ए1 ग्रेड प्राप्त किया सोली वैष्णवी ने दो विषयों विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी में पूर्णांक 100 अर्जित किया।

कक्षा दशम की विद्यालय टॉपर- सोली वैष्णवी (97.40 % अंक)

विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा प्राचार्या मधु बाला सिंह और समस्त शिक्षकों को उनके कुशल मार्गदर्शन की सराहना की।